Another thing is that you will have to study the experience of China and you will have to study the experience of Russia. China was previously known as the opium-eaters country. They have been able to prevent it to a large extent. I have seen it with my own eyes. I have gone there and seen how they have been able to control this. I have seen how in Russia they have been able to control this. These lessons have to be taken into account. I know Russia is a socialist country and ours is a capitalist country. There are so many difficulties here. Even then we will have to study the lessons and take appropriate action.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI P. K. KUNJACHEN: One minute, Madam. So that lesson has also to be taken into consideration.

Then there is another thing and that is the will of the Government. The political will of the Government is a serious problem. I do not want to accuse anybody but there are experiences which can be made use of. I have personally felt these things. When officers went to destroy the plants etc., many people tried to stop it. So such experiences are there. I do not want to accuse anybody. This is a serious problem. So, political will has got to be there and we must take serious action in such cases and only then we can succeed in our efforts. I hope the hon. Minister will give a serious thought to these suggestions. Thank you.

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभापति महोदया, आज जिस विषय पर चर्चा हो रही है वह समाज के लिये एक गंभीर चिंता का विषय है । नशीले पदार्थों का व्यापार एवं उसका दुरुपयोग समूचे विश्व के लिये एक गंभीर समस्या बन चुका है । मादक द्रव्यों का व्यसन आज भारत में शहरों से लेकर गांव की झोंपड़ियों तक तथा स्कूल के अल्प-वयस्क छात्रों तक पहुंच चुका है । इस समस्या से देश के नागरिकों के स्वास्थ्य तथा समूचे देश की अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ।

मान्यवर, यद्यपि सरकार ने इससे पूर्व भी इस समस्या से निपटने के लिये कानून बनाये और उन्हें कुछ हद तक अमल में भी लाया गया किन्तु वे ज्यादा कारगर सिद्ध नहीं हुए । इसमें भारी मुनाफे को देखते हुए गरीब बेरोजगार नौजवानों को भी तस्कर लालच देकर इस अनैतिक व्यापार में लगा लेते हैं । जब पकड़े जाते हैं तो ये गरीब मजबूर लोग ही पकड़े जाते हैं जो कि मजबूरी में इस धंधे में लग होते हैं । मेरा सरकार से आग्रह है कि इस संबंध में कठोर से कठोर कदम उठाकर जड़ पर, अर्थात बड़े तस्करों पर अंकुश लगाया जाये और उनके लिये कड़ी से कड़ी सजा तथा गैर जमानती गिरफ्तारी की व्यवस्था की जाये । साथ ही इसमें उनकी संपत्ति को जब्त करने का प्रावधान भी किया जाये। मैं इस संबंध में निसंकोच कहना चाहूंगी कि नारकोटिक विभाग, पुलिस तथा आबकारी विभाग की लापरवाही तथा ढील के कारण ही यह धंधा भयंकर रूप से फूल फूल रहा है और जितने भी बड़े तस्कर हैं, चाहे वे देश के अंदर इसका व्यापार चला रहे है और चाहे बाहर नेपाल, सिंगापुर या अन्य देशों से इस जहर का आयात-निर्यात कर रहे हैं, यह सब पुलिस आबकारी विभाग, कस्टम विभाग और नारकोटिक विभाग की जानकारी में है । जब ये विभाग ईमानदारी से इस बुराई के विरुद्ध कदम उठाते हैं, उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हैं तो कुछ समय के लिये बहुत हद तक इसका व्यापार कम हो जाता है । लेकिन जब वे शिथिल हो जाते हैं तो फिर पुनः जोर-शोर से उनका यह धंधा शुरू हो जाता है । मादक द्रव्यों के व्यापार को रोकने के लिये प्रधानमंत्री जी और कांग्रेस

[श्रीमती सत्या बहिन]

सरकार ने पहले भी 14-सूत्रीय कार्यक्रम अपनाया था । महोदया, इस बुराई को अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से निपटाने का प्रयास किया जाना चाहिये । नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार संसार भर के व्यापारियों में 65 प्रतिशत नाइजीरियाई नागरिक हैं । ये लोग अधिकतर छात्र बनकर भारत में आते हैं और उसकी आड़ में ये यह धंधा चलाते हैं। ये लोग अधिकतर मादक पदार्थ लाओस ले जाते हैं । यह व्यापार देश के लिये एक चुनौती है । मैं उत्तर प्रदेश के बलिया, बरेली, बाराबंकी और गोरखपुर आदि जिलों की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहती हूं । यहां अनेक गांवों में मार्फीन, ब्राउन शुगर, हेरोइन जैसी खतरनाक दवाओं का उत्पादन एवं उनका व्यापार बड़े धड़ल्ले से हो रहा है । पकड़े गये कई तस्करों ने स्वीकार किया है कि वे विश्वविद्यालय, कालेज और स्कूलों के छात्रों के बीच अपना व्यापार चलाते हैं । पहले वे युवकों इसका प्रयोग सिखाते हैं उनको मुफ्त में खिलाकर लेकिन जब वे बाद में उसके आदि बन जाते हैं तो वे उनके ग्राहक बन जाते हैं । एक अनुमान के मुताबिक नशेबाजों में 80 प्रतिशत 16 से 30 वर्ष की उम्र के हैं । 10 प्रतिशत 40 से 45 वर्ष के हैं । इन आंकड़ों से देश की सामाजिक स्थिति की गंभीरता का पता चलता है । इस धंधे में लगे हुए लोग देश में अस्थिरता फैलाने का भी काम करते हैं उग्रवाद, अलगाववाद को बढ़ावा देते हैं ।

अंतर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन, इंटरपोल की रिपोर्ट के अनुसार तस्कर इतने अधिक शक्ति संपन्न हैं कि कुछ ही घंटों में करोड़ों डालर की राशि खर्च कर कई देशों की सरकारों को गिरा सकते हैं । यह एक गंभीर चिंताजनक चुनौती है । इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाना चाहिये । मैं इस बिल का हार्दिक समर्थन करते हुए कहना चाहूंगी कि कानून बनाना जितना आवश्यक है उस पर कड़ी कार्यवाही करना उससे भी कहीं ज्यादा जरूरी है ।

इस समर्थन के साथ ही मैं सरकार से आग्रह करूंगी कि कानून को सख्ती से अमल में लाया जाए और गुद्ध स्तर पर इस कार्यवाही को रोका जाना चाहिए तभी इस देश का भविष्य और इस देश के नागरिक का भविष्य और सामाजिक मूल्यों को हम कायम रख सकते हैं । इन शब्दों के साथ मैं माननीय मंत्री जी को और सरकार को हार्दिक धन्यवाद देती हूं ।

ठाकुर जगतपाल सिंह : महोदया, इसमें मेरा एक सुझाव यह है कि ब्राऊन शुगर की बजाय इसका नाम बदल कर के ब्राऊन प्वायजन कर दिया जाए क्योंकि ब्राऊन शुगर से अनावश्यक आकर्षण पैदा होता है ।

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh): Madam Deputy Chairman, I whole heartedly support this Bill. Even though it has come on the last day, its importance cannot be minimised. When a persons becomes a slave to this habit, he can be operated through. That is why whenever antinational activities take place, drug is there; whether it is gold smuggling or espionage or terrorism. All these activities are connected with drugs. It debases a person. If a patriot becomes a slave to this habit, he can be operated throught. That is why this is the most dangerous thing today and I would say that even the security of our country is in jeopardy because of the huge quantities of drugs that are coming into our country. Every day we see in the papers that huge quantities of drugs worth crores of rupees are seized in big hauls. That is why the Government is paying special attention to this problem. I, for one, appreciate the Cabinet's attention to this problem. A Cabinet sub-committee went into the details and the Government has come up with this Bill. This will strengthen the hands of the various agencies which are involved in controlling this menace.

I would like to point out that it is very easy to go to the centre, the centre of the activities of the drug agencies. After all, when you catch hold of a person who is an addict, if you follow it up in a correct way, naturally, it will lead to the Centre. The nexus will be clear then. Big money is involved. An industrialist may be there. A big hotel management may be there. A big bureaucrat may be there. A Government servant may be there. A politician may be there. The nexus operates. Then hands of law are not in a position to reach that centre.

[**The Vice-Chairman Shri B. Satyanarayan Reddy** in the Chair.]

It is not that we are not able to do that. When you can eradicate a disease, how can you say that you cannot eradicate this? As the previous speaker has said, the Government must have a will. The property of a smuggler is attached. Something happens. But after that, as my friend, Mr. Morarka, has said the Government is not able to dispose of that property. Many lacunae are left and the people are allowed to escape. The loophloes are now being plugged through this Bill. This is a very welcome feature.

Another thing is that it has been made cognisable so that no person can get bail. As the lady Member said just now the menace is spreading to the schools also. In big cities, parents are afraid to send their children to the hostels as these have become dens of drug addiction. No body can escape. Unless these addicts get more and more people involved, there is no safety for them. Not only that. There is pressure from the top to get more and more people involved. It is done in an insidious way. Even things like ice-cream, coffee etc. are used. There is no item which is left out... to put the drug habit into the person. That is why we must make more and more and more scientific study into the spread of this drug.

Sir, we are talking about drug menace. In certain parts of our country toddy is used by millions and millions of poor people. It is a poorman's drink. It is being adulterated with chlorohydrate. I have referred to this several times in this House. It is a kind of chloroform, it is a poison. Thousands of people are getting affected. This is being used by the landlords, by the anti-social elements in the villages. We have been reminding this Government. Even the Excise Commissioners of Andhra Pradesh, Tamil Nadu and other States have written to the Government stating that chlorohydrate shoud be included in the category of psychotropic substance so that there is deterrent punishment, but there is no reaction from the Government side at all. I am sorry to say that hundreds of people are dying because of the use of this today. (Interruptions). Yes, we have talked about electoral reforms but not about alcohol or toddy which should really be the vehicles of reaction. That is why we uphold bringing of this Bill. One thing is there. There should be a will to act, there must be agencies to implement this Bill. (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY) Yes, Mr. Rameshwar Thakur. Not there.

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY: I have not completed, Sir. He just wanted me to yield for a minute and that is why I sat down. I have just one or two more things to say.

The Government's action in so far as combatting drug addiction through rehabilitation centres and through propaganda is concerned, is very very weak. I do not know why government cannot have more and more rehabilitation centres spread throughout various cities. Then, my sugestion is that you must take the public into confidence. you must seek their coperation. This is an area where anti-national elements play a vital role.

[Dr. G. Vijaya Mohan Reddy]

There must be a drive on war-footing to see that this abuse is combatted. People have to be taken into confidence.

Also, the Government has to allot huge sums of money for this This will improve the general law and order position in the country, because of the drug abuse the law and order position has deteriorated and the crime is on the rise. Even cinema and certain other agencies are encouraging this drug menace. So, the trading in drugs and all other related aspects have to be looked into. Films as the biggest medium should be useful in controlling and seeing that the drug agencies are punished. Instead of that ,it is becoming a vehicle of propaganda for crime as well as drug abuse. I request the Government to take a very wide view of the entire thing. Lgislation is good, but a very wide view has to be taken by the Government and all aspects will have to be studied. A scientific study has to be made into entire problem and we must be able to combat it on a war footing. Thank you.

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Mr. Vice-Chairman Sir, I rise to support the Bill to amend the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985. This particular Bill, or the earlier Act of 1985, clearly proves that the Government is conscious of the danger posed by drug trafficking and is responding in time to ensure that it is checked or curbed and the threat created by it is minimised.

Over the years, unconsciously or unwittingly, India has been drawn into the drug net. A problem which, we used to refer to as the problem of decadent West, is no more a problem of the decadent West, but is very much a problem of the developing world, particularly a problem of India, or a problem of South Asia, The reasons for this are both historical as well as geographical. There are two major drug producing centres in this part of the world—the Golden Cresent and the Golden Triangle. Tragically India is sandwiched between these two major drug producing areas. The Golden Triangle comprises of Laos, Burma, Thailand and Kampuchea and the Golden Cresent comprises of Turkey Iran and the border areas of Afghanistan and Pakistan. In fact the Durand Line is the major area of Poppy cultivation and right from Iran upto Afghanistan it is a very ideal location mountainous, hilly regions—and a lot of poppy cultivation has been going on over the years. In Turkey, the United Naitons had earlier officially permitted cultivation of poppy. Besides that poppy cultivation was officially allowed only in one country i.e. India where it is still continuing. But in the case of India, fortunately the leakages have been nominal. Out of a quantity of almost 750 tonnes which is produced, barely 1 per cent leakage has been there. But in the case of Turkey, the leakages were so heavy that both the United Nations and the United States had to step in to curb that and to stop the cultivation.

Over the last few years, the developments in Afghanistan and the Gulf War have led to a situation wherein the old transit routes of drug traffickers were closed. Those drugs used to go out from Afghanistan via Turkey of via Iran. Now India has become, in the last few years, the main transit centre of drugs in this part of the world. We have achieved this dubious distinction only because of these developments. Thus we have to gear up all possible efforts to ensure that we check it. It is not only a problem which is related to a special type of crime of polluting the minds of the youth, It is also related to national character, to national security and peace both social peace and peace in the region.

I will come to that later.

Today we have to be clear that with the old transit points having been

closed and new developments taking place in the region, whether it is in South-East Asia or in Burma the developments which my friend, Mr Kamal Morarka referred to and the possibility of peace returning to Afghanistan, poppy cultivation and heroin production will register a quantum jump; it will increase much more. The last five years have shown that drug trafficking in India, according to the inference drawn from the quantity of seizures made by the anti-narcotic agencies, has gone up by 300 to 400 per cent. What we have been able to seize, the quantity was certainly in thousands of kilogrammes. I think heroin alone I have the figures here amounts to 2700 kilogrammes. This year, up to August itself it has registered almost 1875 kilogrammes of heroin only. 84 per cent of the drugs are coming only from the 'Golden Cresent' area. Pakistan is the main origin point and India has become the main transit point. There are powerful vested interests in Pakistan or in other parts of the Golden Cresent which are providing patronage and protection to drug traffickers. This aspect we cannot overlook, as also the fact that it is bound to go up. Earlier, the route mapped out was Lahore to India via the Wagah border, and there were points which were clearly identified, but now it has spread right across the Indo-Pak border, that is, a distance of 2,500 kilometres from Kashmir into Gujarat, and on both sides of the border they are active. The point which I have to make, and which has apparently been missed by some of my colleagues earler, is the menace of drugs linked to terrorism, the new concept of narco-terrorism. This is what we have become the victim of.

It is not only a problem, as I had said, linked only to the national character or the growing adiction amongst the youth. Various seizures made by our agencies and as per Interpol reports, along the Rajasthan border and the Punjab border, the illegal weapons which have been seized have been linked directly, or traced directly, to drug traffickers. A substantial part of the funding for terrorist activity is done through drug trafficking-and this is not what has happened to us only. It happened earlier in South-East Asia. Insurgents who were earlier active in the Shan province of Burma and other places in South-East Asia used to fight for control over the Poppy cultivation as through the drugs they could control the insurgent activity and they had substantially augment the availability of weapons. Keeping this in mind I think, we have to analyse the efforts which we have made so far. Given the magnitude of the threat, the present legislation is certainly going to help us in curbing it, but whether it is adequate or something else is to be done is what we all have to consider.

Many of my colleagues have made very important points. As the Minister in his opening remarks has very clearly stated, the Government of India is making every possible effort to ensure that the drug traffickers are trapped and nabbed. This is a problem which is not of a national nature but it is a problem of international dimensions, and that is why bilateral agreements, bilateral operations between India and the neighbouring countries and international arrangements with the United Nations and other international agencies are absolutely essential to fight this menace.

Sir, I am very happy that, given the seriousness of this threat India has been included in the United Nations Sub-Committee on Illicit Drug Trafficking. But, if I may draw the attention of the hon. Minister, Sir, there is a big international fund which is available, which has been created by the United Nations for fighting drug-trafficking. This fund this year had about $30 million available for anti-narcotics operations. But in the past India has been able to get only $15,000.

[Dr. G. Vijaya Mohan Reddy]

We must make efforts to ensure that we get more amount. I am not sure of the figures. We might have got more. But I don't think we are getting adequately. We should make efforts to get more money from U.N. agencies also and from other international bodies. There are countries which are victims of the drug originating from the Golden Crescent area and travelling through India, who would like to come forward and help.

The United States Attorney-General has visited India. The Interpol conference took place a few months ago. Their recommendations also I have gone through. The efforts is commendable. About two years ago we had signed the Commonwealth agreement for controlling drug-trafficking. But with today's Bill, I am sure our anti-narcotics Bureau will get more teeth, will get more strength to take action against drug-traffickers.

But, Sir, we must remember, we are fighting an organised drug syndicate. These are not sporadic actions, no individual smugglers. Individual carriers can be there, but it is not isolated acts on the part of individuals. Sir, it is a big mafia which has money power, which has muscle power and which has gun power. They can silence their enemies. They can silence or buy those who are operating against them, and that is why we have to make a special allocation if we have to save the very future of peace and the very future of our youth.

Sir, the Government may consider raising a special force of trained people. It is a special crime we are dealing with. That force should be trained both in India and in coordination with other agenices in the world which are fighting the narcotics. I am aware of the incentives which are presently given by them for the informers and the officers in the Anti-Narcotics Bureau. It is commendable that 20 per cent amount of the seizures made will be given as reward to the officers. This will given them strength and motivation. But for motivation and commitment, adequate training is also essential.

I am sure, in addition to that, the Government will consider making a genuine coordinated effort. There are various agencies which are seizing the drugs coming into India the Border Security Force, the Customs Department, the State police. There should be a coordination cell in all the States. At the national level there is apparently proper coordination betwen the various agencies. But, of the same coordination we can ensure right along the Indo-Pak border, in Gujarat, in Rajasthan, in Bengal, in Jammu and Kashmir and again in north-eastern India to check the inflow of drugs, we will be in a position to curb it.

This is a problem which does require, I agree with all my other colleagues, a genuine national effort. Here the media has to play its own role, both the official media and the non-official media.

I have always been of this view, Sir, that the greatest amount of pollution in the minds of youth, students, has been created by a section of the media which is bringing out magazines on crimes, giving lurid details of crimes, films which are being produced, unchecked, which are coming out, which are giving respectability to organised mafias, which are also trying or.... which have succeeded. I should say, in creating this impression in the minds of a section of our youths that this is a respectable activity when criminals are shown in films that living in style and spending lavishly and no effort is being made to curb all this. So, I would request both the media and to the Government to launch a compaign to dissuade people, to dissuade the youngsters from taking to drugs and also to

motivate and encourage the people by creating the required awareness so that they come forward and report to the authorities about the activities of those who are carrying on the activities in drugs or are using the drugs By trailing even the drug addicts, we can find out the channels of supply. People must be made aware through Doordarshan and the newspapers which are the Officers who are dealing with the NCB. I am saying this because you are dealing with a powerful mafia. An ordinary citizen does not have courage to come-out publicly and give you information. You must have a field squad of spotters and under-cover agents. Those under-cover agents must move around in the concerned areas and get the requisite information and also give protection to those members of the public who will come forward. You give them telephone numbers and make advertisements so that they can come and quietly contact the concerned officials and give the necessary information.

With these words I once again support this Bill and commend the Government for rising to the occasion and for taking necessary steps to check this crime.

श्री कैलाशपति मिश्र (बिहार) : *उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री आनंद शर्मा जी ने जहां भाषण समाप्त किया है, मैं वहीं से आगे कहता हूं।*

माननीय मंत्रीजी ने विधेयक रखते समय कुछ और बातों का उल्लेख किया होता जोकि बाद के भाषणों में आ रही हैं तो ज्यादा सुविधा होती। यह नशीले द्रव्य आते कहां से हैं, कौन-कौन से देश के अंदर उसके द्वार खुले हुए दिखायी दे रहे हैं? सबसे पहले तो यह विचार करना होगा क्योंकि केवल बंबई, मद्रास और कलकत्ता तक यह रोग सीमित नहीं रह गया है बल्कि भारत के गांवों में भी यह पहुंच गया है। शायद आज 5 लाख गावों में से कोई गांव मिलेगा जहां कि ये नशीले द्रव्य न पहुंच गए हों। आबादी के किस अंश तक इससे लोग प्रभावित हुए हैं, इस बारे में निर्णय करना आज बड़ा कठिन हो रहा है। 13–14 वर्ष का बालक, 16–17 वर्ष का जवान और अब तो कहना पड़ता है कि कालेज और स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाएं भी इस रोग से ग्रस्त हो गयी हैं। वह भी इससे मुक्त नहीं रह गयी हैं।

महोदय, अभी ज्यादा नहीं तीन साल पहले बिल पास किया था और तीन साल के बाद संशोधित विधेयक लेकर मंत्रीजी उपस्थित हुए हैं। पहले तो मेरी समझ में नहीं आता कि यहां संसद के अंदर बैठकर हम जो विधेयक पास करते हैं, इसका देश को कितना पता लगता है और जिससे सम्बन्धित मामला है उसके पास तक हमारी आवाज, हमारे नियमों की आवाज कहां तक पहुंचती है। मैं मंत्री महोदय को कहना चाहता हूं कि अगर नीचे के स्तर पर जाइए तो थोड़ी भी नशीली वस्तुएं जहां पर दिखायी देती हैं बिकते हुए, वहां तीन स्तरों पर उसकी निश्चित जानकारी होती है। एक तो थाने के दरोगा जी को पूरी-पूरी जानकारी रहती है। उन्हें शोध करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। एक्साइज विभाग के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी रहती है और जो बेचनेवाला है चाहे वह माफिया गैंग का हो, व्यक्तिगत हो उसे भी इसकी जानकारी रहती है। अगर इन तीन कड़ियों में से एक कड़ी का भी जहां पर अभाव है वहां इस काम में कोई सफलता नहीं मिलती है। तो तीनों जुड़े हुए हैं। आप अगर जानकारी प्राप्त करना चाहें कितनी मात्रा में यह विष फैल गया है, कितनी दूर तक यह विष फैल गया है, तो बड़ा भारी यह रहस्य नहीं रह गया है जिसकी कि जानकारी न लगे। मैं देख रहा हूं कि विधयक के अंदर जैसे नशीले पदार्थों की आपने निगरानी कराई है, उसमें 14 पदार्थों की आपने गिनती कराई है। फिर पकड़ने के लिए, दण्डित करने के लिए कार्य जिनको आपने सौंपा है, नाम पढ़ने के बाद, माफ कीजिएगा, थोड़ी सी हंसी भी आ रही है, यह 10 श्रेणियां–आफिसर्स आफ दि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, आफिसर्स आफ दि कस्टम

[श्री कैलाश पति मिश्र :]

डिपार्टमेंट, आफिसर्स आफ दि सेंट्रल एक्साइज डिपार्टमेंट, आफिसर्स आफ दि इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट आदि, आदि । मैं आपको कहना चाहता हूं कि यह विधेयक का हल्कापन देखकर कई बार तो यही संदेह होता है कि सचमुच में राष्ट्र के ऊपर जो आघात हो रहा है, वह आघात हमको समझ में आ रहा है या नहीं ।

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुई]

मंत्री महोदय, उपसभापति महोदया के माध्यम से मैं आपको कहना चाहता हूं कि राष्ट्र की राष्ट्रीय विचारधारा की रीढ़ समाप्त हो रही है और अगर एक बार यह रीढ़ पूरी की पूरी टूट गई तो सरकार चाहे इसकी हो या उसकी हो, यह देश कभी सीधा नहीं खड़ा होगा । आपने 10 श्रेणियों को अधिकार देकर रखा है, क्या आप समझ रहे हैं कि यह इसमें इन्वाल्व नहीं हैं, उनका हाथ नहीं हैं ? मैं आपसे एक आग्रह करता हूं कि जिसकी तरफ आप छान-बीन करने के लिए, पकड़ने के लिए काम सुपुर्द कर रहे हैं, एक ऐसा सैल बनाइए कि आप काम में लगाने के पहले उसके पास कितनी सम्पत्ति थी और इसकी छानबीन करते समय, चाहे यह गुप्तचरी के द्वारा करनी पड़े, संबंधियों के नाम पर कहां-कहां सम्पत्ति खड़ी करता जा रहा है, दूर के लोगों के नाम पर वह कितनी सम्पत्ति खड़ी करता जा रहा है, इसकी जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कीजिए । इसका सर्वे कोई 10, 15, 20 साल बाद नहीं होना चाहिए बल्कि 3, 4 या 6 महीने के अन्दर जिसको काम में लगाएं उसकी सम्पत्ति में कितना अंतर आ रहा है, इस विषय में इसकी छान-बीन होनी चाहिए । एक्साइज डिपार्टमेंट के आफिसर को ले लीजिए, इन्कम टैक्स के आफिसर को ले लीजिए, थाने के दरोगा जी को ले लीजिए, कितना उनको वेतन मिलता है, वेतनमान क्या है, इसका जरा पता लगाइए। उनके जीवन का रंग-ढंग देखिए। (समय की घंटी)

उपसभापति : कुछ तो यहां पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए ।

श्री कैलाश पति मिश्र : नहीं कोई ज्यादा भीड़ नहीं है । तो आग्रह मेरा यह है कि केवल इसी पर आप निर्भर नहीं करिए। एक राष्ट्रीय अभियान इस काम के लिए कैसे शुरु किया जाए, इसका विचार करिए । भारत की चारों तरफ से सीमाएं खुली हुई है । अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ऊपर चाहे जिस संस्था के आप सदस्य बन गए हों लेकिन भरोसा मत करिए कि स्वाभिमान के साथ आप खड़े हों, दुनिया के किसी भी देश को इसमें किसी भी प्रकार की रुचि है । हर एक समझ रहा है कि 80 करोड़ का भारत स्वाभिमान के साथ, अपने चरित्र के बल पर अगर खड़ा हो गया तो न इसे अमरीका से, न रूस से, न चीन से दबने की आवश्यकता पड़ेगी और न मानसिक, न आर्थिक और न शारीरिक गुलामी यह सहन करेगा । इसलिए पहले तो यह सोचकर रहिए कि जो हमारे राष्ट्रीय चरित्र की रीढ़ है, यह रीढ़ ही टूटी रहे, निर्बल रहे, आज जगत को इसी में रुचि है । इसके अतिरिक्त किसी बात में रुचि नहीं दिखाई दे रही है । महोदया, मैं आलोचना के लिए नहीं कह रहा हूं , लेकिन मोरारजी भाई देश के जब प्रधान मंत्री बने तो मैं भी एक राज्य में वित्त मंत्री था, तो भारत के सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों और वित्त मंत्रियों की बैठक दिल्ली में बुलाई गई थी । पहली बैठक में यह प्रस्ताव आया कि भारत के अंदर शराब का चलते रहना सबसे बड़ा कलंक है। जितनी नशीली दवाएं हैं उनकी जननी शराब है । कुछ लोग उस समय तर्क दे रहे थे कि राज्यों की आर्थिक आय कम हो जाएगी । कोई कहता था कि 42 करोड़ कम हो जाएंगे, कोई कहता था 38 करोड़ का नुकसान, होगा लेकिन कम से कम एक बात के लिए उस महा-पुरुष को नमन करना पड़ेगा जो हिमालय की तरह, चट्टान की तरह डटा रहा । उसने कहा कि हिम्मत के साथ इसका सामना करो । 4 साल में संपूर्ण भारत से शराब के उन्मूलन की योजना बनी । पहले ही साल में उनके राज्य ने इसको समाप्त कर दिया । कई

राज्यों ने इसको इस समय हाथ में लिया था लेकिन वह शासन समाप्त हो गया। इसके संकट को आप समझिए और राष्ट्र के ऊपर होने वाले आघात को समझिए और अभियान चलाइए। मुझे तकलीफ होती है कि आपको यह बात नहीं समझ आती है। हर काम के लिए आप प्रधान मंत्री को जोड़ते हो। झाड़ देने का काम हो तो प्रधान मंत्री ने सोचा कि कैसे अच्छा झाड़ू बने, नशीली चीजों का काम हो तो प्रधान मंत्री का नाम लिया जाता है। हर काम के लिए प्रधान मंत्री पर इतना भार मत दीजिए। अलग अलग विभाग हैं, इतना बड़ा मंत्रिमंडल है, प्रधान मंत्री को मत घसीटिए। अगर आपकी सरकार किसी काम में सफल होती है तो प्रधान मंत्री को श्रेय अपने आप मिलता है। इसलिए मैं समझता हूं कि इस विधेयक से कोई भी परिणाम निकलने वाला नहीं है, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्र के इस घोर संकट को समझिए और इससे बचाने के लिए राष्ट्रीय अभियान चलाइए और सर्वदलीय बैठक बुलाकर दो चार पांच सुझाव लोगों से लीजिए। आप इस प्रकार के कदम उठाइए और इस संकट से राष्ट्र को बचाइए। यही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। इति

श्री हरिसिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीय डिप्टी चेयरमैन महोदया, अभी इस सदन में नारकोटिक्स और साइकोट्रोपिक ड्रग्ज अमेंडमेंट बिल पर चर्चा हो रही है। महोदया, इस बिल को पढ़ने से पता लगता है कि सरकार इस विकट समस्या को, विशाल समस्या को, दुखदायी समस्या को कितनी गंभीरता से ले रही है। बिल को अगर गौर से पढ़ें तो जितनी इन चीजों के व्यापार के रास्ते हैं, आवागमन के रास्ते हैं, बिक्री के रास्ते हैं, उनको रोकने के लिए बिल में बड़े ही विस्तृत उपाय किए गए हैं। इसमें मृत्यु दंड का भी प्रावधान है, और धंधा करने वालों की संपत्ति जब्त करने का भी प्रावधान है। यही उससे ऊपर कर दी गई है। मैं ज्यादा तफसील में नहीं जाना चाहता, लेकिन इसमें कानून को मजबूत किया गया है। इनके आने जाने के, बिक्री के, इस्तेमाल करने के, आवागमन के जो रास्ते हैं वे अंतर्राष्ट्रीय जगत से जुड़े हुए हैं, मुझे खुशी हुई कि मंत्री जी ने बताया कि हमने अंतर्राष्ट्रीय जगत में जो सम्मेलन हुए हैं, उनमें भी भारत की तरफ से क्रियाशील होकर भाग लिया है। कई समझौते किये बल्कि यह कहने में मुझे खुशी है कि हमारे यूनाइटेड नेशन्स की एक शाखा है वह भी इस इश्यू पर बड़ी गम्भीरता से विचार कर रही है। यह नहीं कि देश में सिर्फ कानूनी तौर पर बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय जगत में एक वातावरण पैदा करके, उनका कोआपरेशन लेकर, उनका सहयोग ले कर यह सब किया जा रहा है कि यह धंधा बड़ा खराब है, दवाओं के सेवन से, मादक पदार्थों के सेवन से युवा पीढ़ी तो खराब होती ही है साथ ही राष्ट्रीय सम्पत्ति, राष्ट्रीय मनोबल, राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय भविष्य और राष्ट्र का आर्थिक ढांचा भी चरमरा जाता है। अभी पता लगा कि कम्बोडिया, बर्मा, शिलांग, अफगानिस्तान का कुछ बार्डर और तुर्की इन सब जगह से यह मादक द्रव्य आते हैं। इत्तफाक की बात है कि इन सारे देशों में कुछ न कुछ हलचल, हंगामी हालत बनी हुई है। इस सब के बावजूद भी भारी तादाद में मादक द्रव्य वहां से आते हैं। यह बड़ी गम्भीर समस्या है।

इसमें स्पेशल कोर्ट का भी प्रावधान किया गया है, स्पेशल जज का भी प्रावधान किया गया है। इस पर बड़ी गम्भीरता से चोट की जा रही है कि जो मादक द्रव्य का व्यापार हो रहा है, खरीदारी हो रही है इसको तेजी से रोका जाए। यह काम तो आप ठीक कर रहे हैं लेकिन स्पेशल फोर्स का भी आप प्रावधान रखिये। जिस तरह से स्पेशल अदालत, स्पेशल जज का प्रावधान किया गया है उसी तरह से स्पेशल फोर्स भी होनी जरूरी है। हमारे देश में पुलिस है, बार्डर सेक्यूरिटी फोर्स है, सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स है, सीमाओं पर लगी फोर्स है जो हमारे आने-जाने पर पाबन्दी

[श्री हरि सिंह]

लगा सकती है । जो आन्तरिक पुलिस है वह भी इस के लिए काम कर सकती है । आप जानती हैं कि पुलिस का ध्यान और मन कहां होता है । वह कहती है कि यह हार्मलैस साइम्स है । इससे कोई नुकसान नहीं होगा । डकैती हो जाए, कत्ल हो जाए, कोई मारा जाये, कोई दंगा हो जाए तो उस समय सब तिलमिला उठते हैं । टेलीफोन पर टेलीफोन होने लगते हैं, इंक्वायरी होती है, जांच कमीशन बैठते हैं । यह सब हो जाता है लेकिन इस समस्या पर पुलिस दरोगा मिल कर सांठगांठ करके खामोश होकर करोड़ों रुपये कमाते रहते हैं । (**समय की घंटी**) मुझे बोलते हुए एक-दो मिनट ही हुए हैं...

उपसभापति: आपके पांच मिनट हो चुके हैं ।

श्री हरि सिंह : यदि आपके पास कोई रिकार्ड हो तो आप देखियेगा कि हमने कभी भी आपकी घंटी बजाने की नौबत नहीं आने दी । मैं बड़ी चुनौती के साथ कह सकता हूं । मैं बड़ा संयत, अनुशासित ढंग से बोलने वाला हूं । समय का बड़ा ध्यान रखता हूं । अगर इतना ही वक्त दिया गया है तो मैं अपनी बात यहीं खत्म कर देता हूं ।

उपसभापति: आप दो-चार मिनट और बोल लीजिए ।

श्री हरि सिंह : आप ने तो गाड़ी पटरी से उतार दी ।

उपसभापति: पटरी पर चढ़ा दीजिए ।

श्री हरि सिंह: सीमाओं पर चौकसी बढ़ानी चाहिए । लेकिन साथ-साथ हमारे देश के अंदर जो अफीम की खेती होती है वह सीमित ढंग से होनी चाहिए । दवाओं के लिए जितनी आवश्यक है सिर्फ उतनी ही खेती एलाउ करनी चाहिए । यह सीधी केन्द्रीय सरकार की नजर में, उसके हिसाब किताब के अंदर होनी चाहिए । यह जो हमारा एक्साइज डिपार्टमेंट है यह बड़ा गोलमाल करता है । यह अंडरहैंड कराके खेती को बढ़ाता है और अवैध व्यापार कराता है । मादक द्रव्यों के आने-जाने से हथियार भी आ रहे हैं । नौजवान भी खराब हो रहे हैं । इसके साथ यह भी हो रहा है कि बहुत सारे मजदूर जो काम करते हैं उनके मालिक उनसे एडहोक पर काम लेते हैं । मजदूरों को ठेका देते हैं । उनको मादक द्रव्य खिलाकर ज्यादा से ज्यादा काम उनसे लेते हैं । पंजाब में क्या होता है? जब फसल कटने का वक्त आता है तो मजदूरों को मादक द्रव्य खिलाकर रात-दिन काम लिया जाता है । पंजाब में फसल काटते वक्त कितने ही मजदूरों के हाथ कट जाते हैं । इस सम्बन्ध में सरकार एक कानून भी लायी थी कि खेत में काम करते वक्त किसी के हाथ कटते हैं तो उसकी भारी तादाद में कम्पनसेशन दिया जायेगा । हमारे देश में मजदूरों का ज्यादा शोषण करने वाले लोग है । मैं इस मौके पर यह कहना चाहता हूं कि जो प्रचार, प्रोपेगैण्डा है, टेलीविजन है, प्राइवेट या आफिशियल अगर आप इनको गौर से देखें, उपसभापति महोदया मैं आपसे ही कह रहा हूं, उसका टोटल जो निकलेगा तो आदमी के मन में यह बात आती है कि इसको खा कर देखा जाए कि सचमुच ऐसा होता भी है या नहीं ।

तो यह प्रोपोगन्डा पोस्टरों और टेलीविजन तथा दूसरे माध्यमों से होता है उसके संबंध में हमें बहुत कांशस होकर काम करना चाहिए क्योंकि कभी-कभी ऐसा लगता है कि जो कुछ दिखाया जाता है, क्या वास्तव में वैसा होता है या नहीं । यह प्रचार कार्य बहुत ही प्रोपर्ली और कांशस ढंग से किया जाना चाहिए । हमारी मंशा तो इन दुर्गुण को दूर करने की होती है, लेकिन जितनी भी फिल्में दिखाई जाती हैं उनके देखने से तो ऐसा लगता है कि मादक द्रव्यों की तरफ उत्साह दिखाया जा रहा है और लोगों को इसके लिए लालायित किया जा रहा है । इसलिए पब्लिसीटी करते समय हमें बहुत कांशस होकर काम करना चाहिए । यह प्रचार का काम बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए । हम देखते हैं कि हमारे कालेजों के लड़के इन दवाओं के आदी होते जा रहे हैं । इसका एक कारण यह भी है कि हमारी सोसाइटी में फ्रस्ट्रेशन बढ़ता जा रहा है । इसलिए सरकार को इस फ्रस्ट्रेशन को भी दूर करने का प्रयास करना चाहिए । इन शब्दों के साथ मैं

अपनी बात समाप्त करता हूं और इस बिल का समर्थन करता हूं और यह कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने इस विकराल और भयंकर समस्या की गम्भीरता को समझा है ।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : माननीय महोदय, यह जो स्वापक औषध और मन:प्रभावी पदार्थ (संशोधन) विधेयक 1988 माननीय मंत्री जी ने प्रस्तुत किया है, मैं इसका समर्थन करता हूं क्योंकि यह कानून देश के हित में है । सन् 1985 में यह कानून बनाया गया था और अब इसको तीन वर्ष हो गये हैं । ऐसा लगता है कि सरकार उस कानून के प्रयोग करने में असफल रही है । मैं नहीं समझता कि उस कानून में कोई कमजोरी रही हो । यद्यपि इस विधेयक के जरिये कुछ परिवर्तन किया जा रहा है, लेकिन सन् 1985 का जो प्रावधान था उससे भी सरकार चाहती तो मादक द्रव्यों वाले स्मग्लरों से निपट सकती थी । लेकिन सभी की आशंका है, सभी ने चिन्ता व्यक्त की है और मेरी भी यही चिन्ता है कि सरकार चाहे जो भी कानून पास कर ले, अगर वह लड़ाई नहीं करेगी तो इसमें कोई सुधार होने वाला नहीं है । हमारे देश में पाकिस्तान की सीमा से करोड़ों रुपये की नारकोटिक्स स्मग्ल हो कर आती है । इसको रोकने के लिए किस कानून की आवश्यकता थी ? पाकिस्तान के बार्डर को सील करने के लिए तो पर्याप्त बजट की एलोकेशन की गई थी और पार्लियामेंट ने इसकी स्वीकृति दी थी क्योंकि यह चिन्ता व्यक्त की गई थी कि उससे उग्रवादी आ रहे हैं और सीमा से स्मग्लिंग हो रही है । इसके लिए पर्याप्त धन की स्वीकृति पार्लियामेंट ने दी थी । लेकिन इतना होने के बावजूद तस्करों के लिए हिन्दुस्तान एक अड्डा हो गया है । सारा स्मग्लिंग पाकिस्तान के बार्डर से हो रहा है । मैं समझता हूं कि दुनिया में 80 प्रतिशत मादक द्रव्यों की जो सप्लाई होती है वह अपने देश हिन्दुस्तान से होती है और इस बात को माननीय मंत्री जी भी स्वीकार करेंगे क्योंकि 1987 में इन्टरपोल ने जो 7.7 टन हिराइन पकड़ी थी उसमें से 2.7 टन माल हिन्दुस्तान के जरिए विदेशों में गया था । इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक कड़ाई से कानून का पालन नहीं किया जाएगा तब तक कानून बनाने से कोई सुधार नहीं हो सकता है । आज हमारे देश में इस तरह के अपराध बढ़ते जा रहे हैं । इसमें कुछ लोगों की साजिश होती है, कुछ बड़े लोगों का हाथ होता है । ऐसी बात नहीं है कि पाकिस्तान से आकर ये द्रव्य यों ही हिन्दुस्तान के बाहर निकल जाते हैं । इस देश के बड़े-बड़े लोग, पूंजीपति लोग, जिनमें कुछ अफसर लोग भी होते हैं, नौकरशाह होते हैं, ये लोग भी इसमें शामिल होते हैं । मुझे यह बात कहने के लिए क्षमा करें कि इसमें कुछ सरकार के लोगों का भी हाथ होता है । इस देश में जब आपतकाल था तो राजनैतिक लोगों के साथ कुछ स्मग्लर्स भी गिरफ्तार किये गये थे। और बम्बई में इस देश के एक कुख्यात स्मगलर ने बयान दिया था, मैं तो उस समय जेल में था, मैंने जेल में यह समाचार पढ़ा था । उसने बयान दिया कि आज की सरकार में यह हिम्मत नहीं है कि वह मुझे गिरफ्तार कर सके । क्योंकि दिन में वे चाहे मेरे खिलाफ कुछ भी भाषण दें मगर रात को सरकार के लोग मेरे सामने पैसों के लिए हाथ फैलाते हैं । माननीया, मिश्रा जी कह रहे हैं कि यह हाजी मस्तान ने कहा है । तो महोदया, मैं यह कह रहा था, मैं सरकार की नीयत पर, सरकार की नीति पर शक नहीं कर रहा हूं । लेकिन जब तक आप इन पर अंकुश नहीं लगायेंगे तब तक आप इसमें सफल नहीं हो सकते । आपका जो एक्साइज डिपार्टमेंट है, आपका जो पुलिस डिपार्टमैंट है, मैं जानता हूं और सभी लोग जानते होंगे कि एक्साइज के लोग गांजा पकडेंगे एक क्विंटल और 10 किलो उसमें दिखाकर उसका चालान कर देंगे और बाकी 90 किलो बेच डालेंगे । इसी प्रकार से ओपियम में है । जितना पकड़ेंगे उसमें से थोड़ा दिखायेंगे बाकी बेच डालेंगे । शराब पकड़ी जाती है पेटी की पेटी लेकिन 10-5

[श्री ईश दत्त यादव]

बोतल के साथ व उस व्यक्ति का चालान कर देंगे और बाकी जो होगी एक्साइज विभाग के लोग रोज रात को उसका सेवन करेंगे । आप चाहे कितने ही कड़े कानून बना लें, आप चाहे एक लाख के जुर्माने का कानून बना लें, उनकी संपत्ति जब्त करने का कानून बना लें लेकिन जब तक आप कड़ाई के साथ इस कानून का पालन नहीं करवायेंगे तब तक इस पर रोक नही लगा सकते हैं, (समय की घंटी) मैं समाप्त कर रहा हूं ।

आज दिल्ली के अंदर क्या है ? दिल्ली के अंदर लगभग 1 लाख व्यक्ति ऐसे हैं जो नशाखोरी के शिकार बन चुके हैं और इनमें से 10 हजार छात्र हैं । जो कनाट प्लेस का मैदान है, जहां टहलने के लिए लोग आते हैं, वहां पर विदेशी पर्यटक चरस पीते हैं भांग पीते हैं और शराब पीते हैं । हमारे नौजवान और दूसरे लोग जो वहां जाते हैं उनको इससे इस ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है । सरकार ने कभी इस पर गंभीरता से विचार किया है कि जो विदेशी पर्यटक इस देश के अंदर आ रहे हैं वे किस तरह के पर्यटक हैं । क्या वे इस तरह के मादक द्रव्यों का प्रभार तो नहीं करेंगे ? सरकार को इस पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए और इस तरह सरकार को कड़ाई करनी चाहिए सरकार को मैं केवल यह सुझाव देना चाहता हूं, कि शराबखोरी और नशाखोरी का मुख्य कारण इस देश के अंदर बेकारी है। शराबखोरी इस देश क के लिए सबसे बडा कलंक है, बड़ी घातक चीज है और देश के जनतंत्र को समाप्त करने वाली चीज है । पूज्य महात्मा गांधी जी ने कहा था कि हत्या, बलात्कार चोरी ये सब पाप हैं लेकिन नशाखोरी जो है वह महा पाप है । जो नशा लेता है वह जरूर इस तरह के अपराध करेगा । वह चोरी करेगा, वह हत्या करेगा, वह डकैती डालेगा, तमाम अपराध करेगा । इसलिए जब तक सरकार इस पर नियंत्रण नहीं करेगी, ईमानदारी और कड़ाई के साथ इस पर नियंत्रण करने की कोशिश नहीं रेगी, तब तक अपने देश का जो भाग्य है वह सुधरने वाला नही है ।

सदन का ज्यादा समय न लेते हुए इन शब्दों के साथ में माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह कानून जो आप पास करा रहे हैं इस कानून का पालन आप कड़ाई के साथ करें और कड़ाई करनी होगी अपने अधिकारियों पर जिन्हें इसको कार्यान्वित करना है, जिनको इसे इम्पलीमेंट करना है । उनके ऊपर आपको कड़ाई करनी पडगी । ईमानदारी से अगर व लगेंगे तो इन प्रावधानों के अंतर्गत इसकी समाप्त करना आपके लिए कोई कठिन काम नही होगा ! धन्यवाद ।

SHRI GHULAM RASOOL MATT (Jammu and Kashmir): Madam, before I speak on this Bill, I wish to take this opportunity to congratulate the honourable Minister, Shri Aji Panja, and the officers of the Revenue Department, because I find that during the last one year or so, the Minister and the Department of Revenue have taken keen interest in the eradication of this menace which is sweeping the country.

I also compliment the Minister for bringing forward a comprehensive legislation to combat the menace of drug trafficking and drug abuse,.... and for incorporating capital punishment for drug traffickers for committing second offence. This is a very welcome step, and I congratulate the dynamic Minister for this thing.

But, Madam Deputy Chairman, there are two aspects of this problem which have to be taken into consideration. The first aspect is that in our country at least—of course, we cannot take care of the traffic that is coming from the golden triangle or whatever triangle you call it—in our country we have to try to nip the evil in the bud. The first step towards this

direction is that we must have an exhaustive campaign against eradication of poppy cultivation and other cultivation in the entire country. I understand that in 1987 and 1988 more than 50 acres of illicit cultivation of poppy was destroyed in Chitraka taluk of Dehradun; more than 1000 acres of illicit cultivation of Ganja was destroyed in the States of Kerala, Tamil Nadu and Manipur. This drive needs to be intensified. But how do you go about it?

